**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग**
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर, लखनऊ
संख्या- 04 /16/तीन(परी0-1)/2021-22/खण्ड-2,
लखनऊः दिनांक- 18 जनवरी, 2022

**आवश्यक सूचना**

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के विज्ञापन संख्या-04-परीक्षा/2018, सम्मिलित अवर अभियंता, संगणक एवं फौरमैन (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2018 के अन्तर्गत अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। आयोग की आवश्यक सूचना संख्या-223/16/तीन(परी0-1)/2021/खण्ड-1, दिनांकः 21.12.2021 द्वारा सूचित किया गया था कि उक्त विज्ञापन संख्या-04-परीक्षा/2018, की लिखित परीक्षा दिनांक-30-01-2022 (रविवार) को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है ।

उपर्युक्त के क्रम में उक्त विज्ञापन के सापेक्ष आवदेन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि देश एवं प्रदेश में कोविड-19 वैश्विक महामारी के मामलों की बढ़ती हुई संख्या व भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में विधानसभा निर्वाचन हेतु घोषित कार्यक्रम के दृष्टिगत **विज्ञापन संख्या-04-परीक्षा/2018 की लिखित परीक्षा का आयोजन दिनांकः30-01-2022 (रविवार) के स्थान पर पुनरीक्षित कार्यक्रमानुसार दिनांकः 03.04.2022 (रविवार) को किया जाना प्रस्तावित है।** प्रश्नगत परीक्षा के प्रवेश पत्र निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को वेबसाइट के माध्यम से पृथक से यथासमय सूचित किया जाएगा।

18/01/2022

परीक्षा नियंत्रक,
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।